दैनिक भास्कर

केमिकल से सिंथेटिक दूध और नकली पनीर बन रहा:स्याना में 50 बाराती हुए बीमार, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

स्याना तहसील क्षेत्र में नकली दूध और पनीर का खतरनाक कारोबार तेजी से फैल रहा है। हाल ही में एक बारात में नकली पनीर खाने से 50 लोगों से अधिक के बीमार होने की घटना सामने आई, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

केमिकल से सिंथेटिक दूध और नकली पनीर बन रहा

क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों किलो बिना पैकिंग का दूध और पनीर बेचा जा रहा है। छोटे-छोटे कारखानों में केमिकल से सिंथेटिक दूध और नकली पनीर का उत्पादन किया जा रहा है। इस जहरीले कारोबार की पहुंच न केवल तहसील क्षेत्र तक सीमित है, बल्कि आसपास के देहात और गांवों तक फैली हुई है।

मांग बढ़ने से अवैध कारोबार में तेजी

विशेष रूप से शादी-विवाह के मौसम में दूध और पनीर की मांग बढ़ने पर यह अवैध कारोबार और भी तेज हो जाता है। स्थानीय माफिया ने इस धंधे को संगठित रूप दे रखा है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि वे लगातार छापेमारी कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/bulandshahar/siana/news/synthetic-milk-and-fake-cheese-are-being-made-from-chemicals-134430109.html